# सरहुल को ले बदला राजधानी का ट्रैफिक नियम

- एक को मेन रोड में बड़े वाहनों की नो इंट्री
- निजी छोटे वाहन भी दोपहर तक ही आ सकेंगे



**खबर मन्त्र संवाददाता**

रांची। झारखंड के सबसे महत्वपूर्ण त्योहारों में से एक सरहुल 1 अप्रैल को मनाया जायेगा। सरहुल की शोभायात्रा में हजारों श्रद्धालु उमड़ पड़ते हैं। लोगों की अपार भीड़ को देखते हुए रांची के ट्रैफिक एसपी कैलाश करमाली के निर्देश पर एक अप्रैल को रांची के ट्रैफिक व्यवस्था में कई तरह के बदलाव किये गये हैं। विभिन्न इलाकों से शोभायात्रा मेन रोड आती है। ऐसे में एक अप्रैल को सुबह छह बजे से रात के 12.30 बजे तक मेन रोड में सभी प्रकार के भारी वाहनों का परिचालन बंद रहेगा। वहीं निजी वाहनों की एंट्री भी मेन रोड में दोपहर एक बजे से लेकर शोभा यात्रा की समाप्ति तक नहीं होगी। सभी बड़े वाहन रिंग रोड का इस्तेमाल करेंगे।

**शोभा यात्रा का मार्ग**

सरहुल पर्व के दौरान शोभा यात्रा रांची कॉलेज से निकलकर रेडियम रोड, शहीद चौक, अल्बर्ट एक्का चौक से मेन रोड होते हुए सुजाता चौक के पास जुटती है। यहां से नायासराय, नामकुम, बड़ा घाघरा, डोरंडा की ओर से आने वाली सरहूल जुलूस ओवरब्रिज होते हुए सुजाता चौक होकर चुटिया स्थित सिरमटोली सरना स्थल पहुंचती है। ऐसे में इन सभी मार्गों पर वाहनों के प्रवेश को रोकने के लिए एक दर्जन से ज्यादा ड्रॉप गेट भी बनाये गये है।

**यहां बंद रहेगा वाहनों का परिचालन**

एसएसपी आवास चौक से रेडियम चौक, शहीद चौक, अलबर्ट एक्का चौक, काली मंदिर चौक, सुजाता चौक, मुंडा चौक से सिरम टोली सरना स्थल तक किसी भी प्रकार के वाहनों का परिचालन नहीं होगा। सर्कुलर रोड से आने वाले वाहन जेल चौक तक ही जा सकेंगे। कचहरी स्थित एसबीआई के पास रेडियम चौक तक वाहनों का परिचालन भी बंद रहेगा। राजेंद्र चौक से ओवर ब्रिज, सुजाता चौक की ओर किसी प्रकार के वाहनों का परिचालन नहीं होगा। कांटा टोली से बहु बाजार की ओर जाने वाले वाहनों का परिचालन बहु बाजार तक होगा। बहु बाजार से मुंडा चौक सरना स्थल तक वाहनों का परिचालन बंद रहेगा। थड़पकना वाले मार्ग में सामान्य वाहनों का परिचालन वर्जित रहेगा। विष्णु सिनेमा मार्ग से मेन रोड की तरफ आने वाले सामान्य वाहनों का परिचालन वर्जित रहेगा। जमशेदपुर रोड नामकुम क्षेत्र से चुटिया केतारी बागान होकर मुंडा चौक या बहू बाजार चौक मार्ग पर आने वाले सामान्य वाहनों का परिचालन वर्जित रहेगा।

## शोभायात्रा की तैयारी जोरों पर, केंद्रीय सरना स्थल पर सुंदरीकरण कार्य अधूरा

**रांची।** राजधानी में सरहुल पर्व की भव्य शोभायात्रा एक अप्रैल को केंद्रीय सरना स्थल, सिरमटोली पहुंचेगी। जबकि स्थल पर सुंदरीकरण का कार्य अभी भी अधूरा है। आनन-फानन में मार्बल बिछाने का काम किया जा रहा है, इसके बावजूद पूरा कार्य अब तक पूरा नहीं हो सका है। गौरतलब है कि 7 अप्रैल 2022 को केंद्रीय सरना स्थल के सुंदरीकरण योजना का शिलान्यास मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने किया था। इस अवसर पर पूर्व सीएम चंपाई सोरेन, सांसद संजय सेठ, विधायक चंद्रेश्वर प्रसाद सिंह और महापौर आशा लकड़ा भी मौजूद थीं। सरहुल राजधानी के आदिवासी समाज का प्रमुख त्योहार है और इसकी शोभायात्रा हजारों सरना धर्मावलंबियों की आस्था का केंद्र होती है। ऐसे में सुंदरीकरण कार्य अधूरा रहने से आदिवासी समाज में नाराजगी देखी जा रही है।

### खबर एक नजर में

### धीरज जालान 10 साथियों के साथ गिरफ्तार

**रांची।** रांची पुलिस ने कुख्यात कर धीरज जालान समेत उसके 10 अन्य साथियों को गिरफ्तार किया है। डीआईजी सह एसएसपी चंदन सिन्हा को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस की टीम ने छापेमारी करते हुए हरमू रोड स्थित किशोरगंज से कुख्यात कर धीरज जालान को पकड़ा। उससे पूछताछ किए जाने के बाद मिली जानकारी के बाद पुलिस की टीम में कार्रवाई करते हुए रांची के अलग-अलग क्षेत्र से उसके साथी हर्ष कुमार, बृजेश सिंह, रोहित दास, रामू सिंह, नितेश साहू, करमचंद साहू, देवगन गोप, भारत कुमार, विष्णु कुमार और घूरन प्रधान को गिरफ्तार किया। पकड़े गए चोरों के पास से पुलिस ने आठ स्कूटी और बाइक के अलावा इंडोनेशिया, भूटान समेत कई अन्य देश का विदेशी नोट बरामद किया। इसके अलावा कई लैपटॉप और मोबाइल और करीब 1.70 लाख रुपया, सिम कार्ड, कई लोगों का आधार कार्ड, एटीएम कार्ड समेत कई अन्य सामान चोरी का बरामद किया। शनिवार की देर शाम एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर यह जानकारी दी।

**धीरज जालान के खिलाफ 39 मामले हैं दर्ज :** एसएसपी ने बताया कि धीरज जालान के खिलाफ रांची समेत कई जिले के अलग अलग थानों 39 मामले दर्ज हैं। धीरज जालान का गिरोह ही शहर में कार का शीशा तोड़कर चोरी की घटनाओं को अंजाम देता है। धीरज के गिरोह में दर्जनों अपराधी जुड़े हैं। धीरज बाइक चोरी गिरोह चलाने के अलावा कई मामलों में पहले भी जेल जा चुका है।

### निगम सरहुल और रामनवमी पर सफाई के साथ बुनियादी सुविधाएं बहाल करेगा

**रांची।** रांची नगर निगम की ओर से प्रकृति पर्व सरहुल पर सभी 298 सरना स्थल एवं अखड़ा की सफाई की जाएगी। इसके लिए तीन शिफ्ट में सफाईकर्मी काम करेंगे। इस क्रम में सरना स्थल व अखड़ा तक के पहुंच पथ व नालियों की सफाई, ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव, स्टोन डस्ट बिछाने और पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था बहाल की जाएगी। निगम सभागार में शनिवार को प्रकृति पर्व सरहुल एवं महारामनवमी को लेकर प्रशासक संदीप सिंह ने अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि सरहुल व रामनवमी शोभायात्रा मार्ग पर पेयजल की सुविधा के लिए टैंकर व चलंत टॉयलेट की सुविधा बहाल की जाएगी। इसके अलावा प्रमुख मार्ग पर पानी का छिड़काव भी होगा। उन्होंने अधिकारियों को खराब स्ट्रीट लाइट को दुरूस्त करने, भीड़भाड़ वाले इलाके में ब्लैक स्पॉट को चिन्हित कर विशेष प्रकाश की व्यवस्था, सड़क पर हुए गड्ढ़ों को भरने का निर्देश दिया। प्रशासक ने सभी अधिकारी व कर्मचारी से पर्व को लेकर अलर्ट मोड में रहने को भी कहा। बैठक में अपर प्रशासक संजय कुमार, उप प्रशासक गौतम प्रसाद साहू, सभी सहायक प्रशासक, अधीक्षण अभियंता, कार्यालय अधीक्षक, नगर प्रबंधक एवं अन्य कर्मी शामिल हुए।

### सरहुल-रामनवमी की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक

# डीसी ने सुरक्षा व्यवस्था के दिये निर्देश

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** सरहुल और रामनवमी पर्व को लेकर रांची जिला प्रशासन ने विद्युत व्यवस्था और अन्य प्रशासनिक तैयारियों की समीक्षा के लिए महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की। जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त श्री मंजूनाथ भजन्त्री की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में सभी संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

**सुरक्षा और विद्युत आपूर्ति पर विशेष निर्देश :** बैठक में उपायुक्त ने सड़क मरम्मत, बैरिकेटिंग, साफ-सफाई, सीसीटीवी, ड्रोन कैमरा और सुरक्षा व्यवस्था की क्रमवार समीक्षा की। उन्होंने यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि जुलूस मार्ग पर खुले बिजली के तार न हों और जब तक जुलूस समाप्त न हो जाए, तब तक बिजली आपूर्ति बहाल न की जाए।

**मेडिकल टीम और एम्बुलेंस रहेंगी तैनात :** सरहुल और रामनवमी के जुलूस के दौरान किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए मेडिकल टीम और एम्बुलेंस तैनात रहेंगी । इसके अलावा, प्रमुख स्थानों पर भी स्वास्थ्य दलों की व्यवस्था की जाएगी।

**कड़ी सुरक्षा और ट्रैफिक प्रबंधन**

सुरक्षा को लेकर प्रशासन ने पुलिस बल की तैनाती, सीसीटीवी कैमरों और ड्रोन कैमरों की व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं। यातायात बाधित न हो, इसके लिए रूट डायवर्जन की भी योजना बनाई गई है।

**मोबाइल कंपनियों को केबल व्यवस्थित करने का निर्देश**

बैठक में उपायुक्त ने सभी सरकारी और निजी मोबाइल कंपनियों को निर्देश दिया कि वे अपने मोबाइल और यूटिलिटी केबल को व्यवस्थित करें ताकि जुलूस के दौरान कोई बाधा न हो। निर्धारित समय में यह कार्य पूरा न करने पर संबंधित कंपनियों पर कार्रवाई की जाएगी।

**साज-सज्जा और सांस्कृतिक कार्यक्रम :** सरहुल पर्व के दौरान शहर के प्रमुख मार्गों को सजाया जाएगा, और झारखंड की संस्कृति को दर्शाने वाले रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

### अमावस्या के अवसर पर श्री श्याम प्रभु का महास्नान कराया गया



**रांची।** खाटूनरेश का महास्नान हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में शनिवार को अमावस्या के अवसर पर श्री श्याम प्रभु का महास्नान कराया गया। प्रातः 5:00 बजे मंदिर के पट खुलने के बाद 5:30 बजे की मंगला आरती के बाद मंडल के मंत्री श्याम सुंदर शर्मा के सानिध्य में महास्नान विधि विधान से कराया गया। मंदिर के आचार्य ने वैदिक मंत्रों के उच्चारण के साथ बाबा को दूध दही गंगाजल शहद के मिश्रण से स्नान कराया । इसके बाद रूह गुलाब के इत्र से मसाज कर पंचमेवा का भोग लगाया गया। बाबा श्याम को एवं सभी देवी देवताओं को आज नवीन वस्त्र पहनकर बड़े ही सुंदर रूप से सजाया गया। कोलकाता से मंगाए गए लाल गुलाब रजनीगंधा तुलसी दल पीला गेंदा की मोटी मोटी मालाओं से बाबा श्याम अद्भुत रूप में सजाया गया।

### भावनाओं को जब भाषा में व्यक्त करते हैं तो वह अभिप्रकाश : संपूणानंद



**रांची।** आनंद मार्ग ध्यान मंदिर हेहल रातू रोड मे त्रिदिवसीय सेमिनार के दुसरे दिन शनिवार को मुख्य प्रशिक्षक आचार्य संपूर्णानंद अवधूत ने कहा कि मन की भावनाओं को जब भाषा में व्यक्त करते हैं तो वह अभिप्रकाश है। भावनाओं को जब भाषा में व्यक्त नहीं कर सकते तब हाव भाव या अन्य प्रकार से जब व्यक्त करते हैं तब वह प्रतिकीकरण कहलाता है।जैसे मन की गहन पीड़ा या दुख को जब हम आंसू में व्यक्त करते हैं तो आंसू प्रतिकीकरण है दुख का। अभिव्यक्त करने की क्षमता हमारी इंद्रियां ग्राही शक्ति पर निर्भर करता है, हमारी सुनने की सीमा है देखने की सीमा है या सूंघने की सीमा है। लेकिन उसके बाहर जो सुनने , देखने और सुंघने की क्रिया है। उसको हम व्यक्त नहीं कर पाएंगे,ठीक उसी प्रकार बहुत सी चीजों का प्रतिकीकरण भी नहीं हो सकता है। विश्व ब्रशांड बहुत बड़ा है उसका प्रतीकरण हम नहीं कर सकते हैं। परम पुरुष भी बहुत वृहद हैं उनका प्रतिकीकरण भी हम नहीं कर सकते हैं। इस मौके पर प्रधान विजय,पंचू दादा,रतन दादा,दिलीप,भूतनाथ, बबीता दीदी, संजू दीदी सहित अन्य भक्त मौजूद थे।

# पेयजल घोटाले में इडी ने जब्त की कैशियर संतोष की 1.76 करोड़ की संपत्ति

## कैशियर के खिलाफ सिर्फ 2.71 करोड़ रुपये की फर्जी निकासी के आरोप में दर्ज हुई थी प्राथमिकी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने पेयजल विभाग में हुए घोटाले के आरोपी कैशियर संतोष कुमार की 1.76 करोड़ रुपये की संप्ति जब्त कर ली है। इडी ने जांच में पाया है कि कैशियर ने जालसाजी कर अपने बैंक खाते में और फर्जी कंपनी बना कर उसके खाते में कुल 22.86 करोड़ ट्रांसफर किया था। यह राशि नगर विकास विभाग ने पेयजल विभाग को अपनी योजना क्रियान्वित करने के लिए पेयजल विभाग को डिपोजिट वर्क के रूप में दिया था। कैशियर द्वारा फर्जी निकासी का मामला प्रकाश में आने पर विभाग ने इस मामले में कैशियर संतोष कुमार के खिलाफ सिर्फ 2.71 करोड़ रुपये की फर्जी निकासी के आरोप में सदर थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी थी। वित्त विभाग ने मामले की प्रारंभिक जांच में विभाग के इंजीनियरों को भी दोषी करार दिया था। लेकिन पेय जल विभाग ने वित्त विभाग द्वारा दोषी पाये गये इंजीनियरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने के बदले सिर्फ विभागीय कार्यवाही चलाने का फैसला किया।

पेयजल विभाग द्वारा दर्ज करायी गयी प्राथमिकी को इडी ने इसीआईआर के रूप में दर्ज करने के बाद मामले की जांच शुरू की। इस क्रम में इडी ने आईएएस अधिकारी मनीष रंजन, वित्त विभाग द्वारा दोषी पाये गये इंजीनियरों सहित कुल 26 ठिकानों पर छापा मारा था। छापेमारी के दौरान 55.08 लाख रुपये नकद, जालसाजी से संबंधित दस्तावेज और डिजिटल डिवाइस जब्त किये गये थे।

मनीष रंजन को छापेमारी के दायरे में शामिल करने की वजह इस घोटाले के समय उनका विभागीय सचिव होना बताया जाता है। इडी ने जांच के दौरान पाया कि कैशियर संतोष कुमार ने योजना का पैसा फर्जी तरीके से ट्रेजरी से अपने अकाउंट में ट्रांसफर किया। कैशियर ने जालसाजी कर निकासी के लिए रॉक ड्रिल नामक एक कंपनी भी बनायी। संतोष ने यह कंपनी दिसंबर 2022 में यह कंपनी बनायी थी। इसके बाद अपने निजी बैंक खाते के अलावा इस कंपनी के अकाउंट में ट्रेजरी से कुल 22.86 करोड़ रुपये ट्रांसफर कर किया।

इडी ने पेयजल घोटाले की जांच के दौरान पाया कि कैशियर संतोष कुमार ने विभिन्न बैंकों में कुल 11 खाता खोल रखा था। इसमें से तीन खाते उसकी कंपनी रॉक ड्रिल कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड के नाम खोले गये थे। शेष नौ खाते संतोष ने अपने नाम पर खोल रखा था। सभी बैंक खातों को खोलने के लिए संतोष के पैन और आधार का इस्तेमाल किया गया था। कंपनी के नाम पर एक्सिस बैंक, यस बैंक और आइसीआइसीआइ बैंक में एक-एक खाते खोले गये थे। संतोष ने अपना नाम पर स्टेट बैंक ऑफ इंडिया में आठ और बीओआइ में एक खाता खोला था। इन सभी खातों का इस्तेमाल सरकारी खजाने से जालसाजी कर पैसा निकालने के लिए किया गया

### श्री राधा कृष्ण मंदिर में हिंदू नव वर्ष पर आज विशेष पूजा-अर्चना



**रांची।** श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट द्वारा संचालित श्री कृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद सेवा धाम श्री राधा कृष्ण मंदिर पुंदाग मे आज भारतीय हिंदू नववर्ष चैत शुक्ल प्रतिपदा के अवसर पर विशेष पूजा- अर्चना, भजन- कीर्तन सत्संग, महाप्रसाद एवं महाआरती का आयोजन किया गया। मंदिर परिसर में दोपहर 12:30 बजे से 200 वां श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा महाप्रसाद केसरिया मेवायुक्त खीर का वितरण किया जाएगा। तथा अपरा? 2 बजे से 4 बजे तक भजन- संकीर्तन का संगीतमय कार्यक्रम होगा। तत्प>ात सामूहिक आरती की जाएगी। ये जानकारी देते हुए श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट के प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ ने दी।

### महादेव केन्द्रीय सरना समिति के महासचिव नियुक्त



**रांची।** केन्द्रीय सरना समिति की एक आवश्यक बैठक कर केन्द्रीय सरना समिति के बढ़ते कार्य को ध्यान में रखते हुए निर्णय लिया गया है कि कार्य का भार को कम करने के लिए महादेव टोप्पो करम टोली रांची निवासी को महासचिव पद पर नियुक्त किया गया। आशा व्यक्त किया गया है कि महादेव टोप्पो को पद में आने से केंद्रीय सरना समिति एवं समिति का कार्य में विस्तार होगा। आज के इस बैठक में मुख्य रूप से केन्द्रीय सरना समिति अध्यक्ष बबलू मुंडा मुख्य पहान, जगलाल पहान, शोभा कच्छप जगरनाथ तिर्की किरण तिर्की आशीष उरांव अशोक उरांव मुकेश मुंडा मुन्ना हेंब्रोम गुड्डू मुंडा आदि उपस्थित थे।

### अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद रांची महानगर की नई कार्यकारिणी घोषित

रांची। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप),रांची महानगर की नई कार्यकारिणी की घोषणा शनिवार को सेंट्रल लाइब्रेरी के सभागार में की गई। रांची महानगर अध्यक्ष डॉ संतोष कुमार महतो और रांची महानगर मंत्री तुषार दुबे बने। इनके अलावा विभिन्न दायित्वों की जिम्मेदारी दिया गया। रांची महानगर के निर्वाचन कार्यकारिणी के निर्वाचनकर्ता जिला प्रमुख आनंद ठाकुर ने पुरानी इकाई को भंग कर नई इकाई की घोषणा की। कार्यक्रम में केंद्रीय कार्यसमिति सदस्य दिशा, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य शुभम पुरोहित, विभाग संयोजक रोहित शेखर प्रादेशिक विश्वविद्यालय प्रमुख शिवेंद्र सौरव, महानगर संगठन मंत्री बमभोला उपाध्याय शामिल थे।

महानगर मंत्री तुषार दुबे ने कहा कि विद्यार्थियों के हित के लिए कम करेंगे। समाज में सकारात्मक कार्य पर जोर देंगे। इसके अलावा महानगर मंत्री सिर्फ एक पद नहीं बल्कि दायित्व है। यह दायित्व मुझे हमेशा बोध करायेगी की पूरी रांची महानगर की शिक्षा का सुदृढ़करण हमारे कंधे पर है। विद्यार्थियों के हित के लिए सभी दिन परिषद के लिए हमेशा तत्पर रहेंगे। भारत पर संगोष्ठी को संबोधित करते हुए डॉक्टर आनंद ठाकुर ने कहा कि आज का युवा कल का भविष्य है। इसलिए सभी विद्यार्थी अपने आप को शैक्षणिक रूप से मजबूत कर विश्व पटल पर भारत को एक अलौकिक शक्ति में प्रदर्शित करें। आज भारत शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार एवं सैन्य शक्ति में अपना लोहा मनवाया है। आज भारत की विश्व में खेल की जगत में भी एक अलग पहचान बनी है।

## विद्यापति स्मृति पर्व रजत जयंती समारोह शुरू

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** झारखण्ड मैथिली मंच, रांची के तत्वावधान में आयोजित त्रिदिवसीय विद्यापति स्मृति पर्व रजत जयंती समारोह के दूसरे दिन हरमू मैदान में संध्या 7 बजे से कार्यक्रम की शुरूआत हुई। मिथिला परंपरा के अनुसार सर्व प्रथम भगवती बंदना जय जय भैरवि असुर भयाऊनि,तदुपरांत राष्ट्र गान जन गण मंगल की प्रस्तुति श्रीमती बबिता झा, श्रीमती सोनी चौधरी, श्री डॉली तालुपदार, निखिल महादेव झा एवं मिथिलेश कुमार मिश्र समूह गान से हुई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित दीपिका पाण्डेय सिंह ग्रामीण विकास मंत्री के द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम विधिवत शुभारंभ किया गया। विशिष्ट अतिथि नवीन जायसवाल, कृपा नन्द झा, सचिव कल्याण सहित अनेक गणमान्य मंचासीन थे । अध्यक्ष बिनय कुमार झा, स्वागताध्य कृपा नन्द झा, विशिष्ट वक्ता डा विद्या नाथ झा विदित ने अपने उद्गार ब्यक्त किया। महासचिव जयन्त कुमार झा ने अपने प्रतिवेदन में सरकार से मैथिली भाषा को सम्मान जनक देने हेतु मांग की। विधायक शुभकामना देते हुए कार्यक्रम के सफलता की कामना की। मंत्री दीपिका पाण्डेय सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि मैं आपकी मांग को स्मुख्यमंत्री तक पहुंचाएंगे। मंत्री के कर कमल से रजत जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में समाज में विशिष्ट योगदान के लिए 25 ब्यक्तित्व को सम्मानित किया गया । इसके अलावे झारखण्ड मैथिली मंच के स्थापना काल के प्रथम कार्यकारिणी के सदस्य को भी सम्मानित किया गया ।

### गीला-सूखा कचरे को अलग देने का निर्देश

**रांची।** रांची नगर निगम ने शहर में कचरा प्रबंधन को प्रभावी बनाने के लिए ठोस कदम उठाए हैं। निगम प्रशासन द्वारा गीला और सूखा कचरे को अलग-अलग करने पर जोर दिया गया है। इस दिशा में अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। प्रशासन के निर्देशानुसार नगर निगम क्षेत्र में कचरा प्रबंधन को बेहतर बनाने और आम जनता में जागरूकता बढ़ाने के लिए जन प्रतिनिधि, होटलों, रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशनों, हॉल, रेस्टोरेंट और बाजारों में विशेष अभियान चलाने का निर्णय लिया गया है। शनिवार को हुई निरीक्षण प्रक्रिया में अपर नगर आयुक्त संजय कुमार और उनकी टीम ने कई इलाकों का दौरा किया। निरीक्षण के दौरान कुछ प्रतिष्ठान गीले और सूखे कचरे का उचित निस्तारण नहीं कर रहे हैं।

### निर्मला कान्वेंट हाई स्कूल में ईद मिलन समारोह आयोजित



**रांची।** निर्मला कान्वेंट हाई स्कूल में शनिवार को ईद उल फितर के उपलक्ष में ईद मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इसमें कक्षा नर्सरी से कक्षा केजी तक के छात्रों ने हिस्सा लिया। नन्हें-मुन्ने बच्चे ईद की वेशभूषा में काफी आकर्षक लग रहे थे। इस समारोह में छात्र-छात्राओं ने एक-दूसरे को सेवइयां खिलायी और उपहार भी दिये। विद्यालय की सचिव सीमा शर्मा ने सभी छात्र-छात्राओं, अभिभावकों, शिक्षकों तथा कर्मचारियों को ईद उल फितर की हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन से विद्यार्थियों में धार्मिक सौहार्द एवं एकजुटता का विकास होता है। वहीं, विद्यालय के प्राचार्य विजय कुमार शर्मा ने ईद की बधाई देते हुए कहा कि जो धर्म के नाम पर लोगों को बांटते हैं, उन्हें ईद से प्रेरणा लेनी चाहिये।

### सरहुल शोभायात्रा में रैंप को लेकर विरोध दर्ज करायेगा आदिवासी समाज

**रांची।** प्रकृति पर्व सरहुल की तैयारी जोर-सोर से चल रही है। हर बार की तरह इस बार भी सरहुल की शोभायात्रा भव्य रूप से निकाली जायेगी, जिसमें पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ-साथ सिरमटोली फ्लाईओवर पर बने रैंप को हटाने को लेकर आदिवासी समाज विरोध दर्ज करायेगा। इस संबंध में महिला अध्यक्ष निरंजना हेरेंज ने बताया कि जय आदिवासी केंद्रीय परिषद द्वारा एक अप्रैल को विशाल शोभायात्रा निकाली जायेगी। यह नगड़ा टोली सरना स्थल से शुरू होकर कचहरी, अल्बर्ट एक्का चौक, मेन रोड होते हुए सिरमटोली सरना स्थल पहुंचेगी। शोभायात्रा में संस्कृति और परंपरा की झलकियां देखने को मिलेगी। इस दौरान पारंपरिक वाद्ययंत्रों की धुन पूरे क्षेत्र में गूंजेगी। साथ ही इस बार शोभायात्रा के दौरान फ्लैग मार्च के माध्यम से राज्य सरकार के प्रति नाराजगी भी जतायी जायेगी। वहीं, केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष बबलु मुंडा ने कहा कि सिरमटोली फ्लाईओवर पर बने रैंप को हटाये जाने की मांग के विरोध में भी शोभायात्रा निकाली जायेगी।

# पीएम श्री स्कूल समागम के टीएलएम मेला में हाई स्कूल स्कूल सिलागाईं फर्स्ट

### टीएलएम मेले में शामिल हुए सभी 24 पीएम श्री स्कूल के प्राचार्य, शिक्षक और बच्चे

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

रांची। झारखंड शिक्षा परियोजना (जेईपीसी) रांची की ओर से जिले के चयनित 24 पीएम श्री स्कूल का समागम मुख्यमंत्री उत्कृष्ट जिला विद्यालय रांची के सभागार में शिनवार को हुआ। इस आयोजन में सभी 24 विद्यालयों की प्राचार्य, शिक्षक एवं बच्चे विद्यालय स्तर पर बनाए गए टीएलएम एवं भाषा उत्सव में भाग लेने के लिए सामग्री के साथ उपस्थित हुए । कार्यक्रम का उद्घाटन डीईओ विनय कुमार ने किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि के द्वारा प्रत्येक स्टॉल का भ्रमण किया गया एवं बच्चों एवं शिक्षकों के द्वारा बनाए गए टीएलएम की प्रशंसा की गई। समागम कार्यक्रम एवं पीएम श्री स्कूल के बारे में एडीपीओ पंकज कुमार ने बताया कि प्रधानमंत्री श्री स्कूल योजना एक केंद्र प्रायोजित योजना है, जिसका उद्देश्य देश भर में 14500 से अधिक स्कूलों को विकसित करना है, जिसमें से रांची में कुल 40 विद्यालय को पीएम श्री स्कूल बनाना है। इसमें से अभी तक 24 विद्यालय बन चुके हैं, शेष को बनाने की प्रक्रिया जारी हैं । यह योजना राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप स्कूलों को आदर्श स्कूलों में बदलने के लिए डिजाइन की गई है ।

**इन्हें मिला पुरस्कार :** इस योजना का उद्देश्य देश भर में शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार करना और छात्रों को बेहतर शिक्षा प्रदान करना है । कार्यक्रम के दौरान लगाए गए स्टॉल का निरीक्षण करते हुए उनके बीच प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार से विद्यालय को सम्मानित किया गया। टीएलएम मेला में प्रथम पुरस्कार उच्च विद्यालय शीलागांई को, द्वितीय पुरस्कार हाई स्कूल पिस्का औरमांझी को एवं तीसरा पुरस्कार मध्य विद्यालय हाशमी मांडर को मिला। इसी प्रकार लैंग्वेज मेला में प्रथम पुरस्कार मध्य विद्यालय टिकरा टोली नगड़ी को द्वितीय पुरस्कार कस्तूरबा गांधी विद्यालय सिल्ली को एवं तीसरा पुरस्कार उत्क्रमित मध्य विद्यालय गढ़खटंगा नामकुम को मिला। इसी प्रकार एक भारत श्रेष्ठ भारत के प्रदर्शन में प्रथम पुरस्कार कस्तूरबा गांधी विद्यालय सिल्ली को, द्वितीय पुरस्कार कस्तूरबा गांधी विद्यालय तमाड़ को एवं तृतीय पुरस्कार कस्तूरबा गांधी विद्यालय सोनाहातु को मिला। इन्हें जिला शिक्षा अधीक्षक के कर कमल से ट्रॉफी एवं प्रशस्ति पत्र दिया गया। कार्यक्रम का संचालन अखिलेश कुमार ने किया। कार्यक्रम के दौरान सतीश कुमार, प्रभा सहाय, बिंदु झा, प्रताप कुमार, भूदेव चंद्र महतो, शाहनवाज आलम एवं अन्य उपस्थित थे।

**प्रधानमंत्री श्री स्कूलों की मुख्य विशेषतायें**

**आदर्श स्कूल :** ये स्कूल राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के सभी घटकों को प्रदर्शित करेंगे और अपने क्षेत्र में अन्य स्कूलों को मार्गदर्शन प्रदान करेंगे।

**ग्रीन स्कूलः** ये स्कूल पर्यावरण अनुकूल पहलुओं को शामिल करके विकसित किए जाएंगे ।

**अनुभवात्मक शिक्षाः** इन स्कूलों में शिक्षा अधिक अनुभवात्मक, समग्र, एकीकृत, खेल/खिलौने आधारित (विशेष रूप से प्रारंभिक वर्षों में), जिज्ञासा-संचालित और छात्र-केंद्रित होगी ।

**गुणवत्ता मूल्यांकनः** इन स्कूलों का गुणवत्ता मूल्यांकन नियमित अंतराल पर किया जाएगा, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वे वांछित मानकों को पूरा कर रहे हैं

## स्पीड न्यूज

### कुजू के श्रीराम चौक पर सांसद ने किया पीसीसी रोड का शिलान्यास



**कुजू।** जनता के विकास के लिए एक सांसद के तौर पर मैं हर कदम पर उनके साथ खड़ा हूं। जनता के बदौलत ही आज मैं सांसद बनकर उनके समस्याओं का समाधान कर पा रहा हूं। उक्त बातें सांसद मनीष जयसवाल ने कही। जायसवाल शनिवार को श्री राम चौक के पास डीएमएफटी फंड से कुजू पूर्वी से न्यू कॉलोनी हनुमान मंदिर चौक तक निर्माण हो रहे पीसीसी पथ के शिलान्यास में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यहां पर पीसीसी पथ बनने से ग्रामीण जनता के साथ साथ श्री श्री चैतन्य महाप्रभु धाम मंदिर जाने में भी श्रद्धालुओं को काफी सहूलियत होगी। उन्होंने अभिकर्ता को पूरी ईमानदारी के साथ कार्य करने का निर्देश दिया। मौके पर प्रवीण मेहता, तेजनाथ महतो तेजू, सत्यनारायण सिंह, प्रो खिरोधर प्रसाद साहू, पंकज साहा, खोखा सिंह, सत्येंद्र सिंह, राजीव जयसवाल, विजय जयसवाल, सरदार अनमोल सिंह, संजय सिंह, कुजू पूर्वी मुखिया ललिता देवी, पश्चिमी मुखिया जय कुमार ओझा, दक्षिणी मुखिया राकेश मेहता रॉक, कुमारी नीलम, रेखा देवी, तोकेश सिंह, अशोक कुमार, रतन प्रसाद साहू, राजू कुशवाहा, रवि साहू, आशीष साहू, पंचित महतो, अवधेश कुमार, अमित ठाकुर राधे, फुलेश्वर साव, ऋषभ सहाय, श्रवण साह, अभिषेक पासवान, वीरेंद्र करमाली, ओमप्रकाश पटेल सहित काफी संख्या में लोग शामिल थे।

### सांसद आज बाटेंगे अस्त्र-शस्त्र

भुरकुंडा (रामगढ़)। रामनवमी के अवसर पर रविवार को साढ़े बारह बजे हजारीबाग सांसद मनीष जयसवाल और बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी पंचायत भवन में रामनवमी समिति के अखाड़ों के बीच अस्त्र-शस्त्र का वितरण करेंगे। जुलूस को लेकर कई आवश्यक दिशा-निर्देश भी देंगे। भुरकुंडा मंडल अध्यक्ष सतीश मोहन मिश्रा ने बताया कि रविवार सुबह 11 बजे भुरकुंडा थाना ग्राउंड में भी मनीष जायसवाल द्वारा रामभक्तों के बीच पारंपरिक अस्त्र-शस्त्र का वितरण किया जाएगा। उन्होंने रामभक्तों से कार्यक्रम में ससमय उपस्थित होने की अपील की है।

### बीएड कॉलेज में मना सरहुल

**रजरप्पा।** डॉ. एस. राधाकृष्णन शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, सुकरीगढ़ा में शनिवार को मना सरहुल। पाहन कालीचरण मुंडा ने साल पूजा अर्चना की। संजय प्रभाकर ने कहा कि सबसे पुराने लोग कहे जाते है जो प्रकृति से जुड़े होते है। मनीष कुमार ने कहा कि हमें इंसानों के साथ-साथ पशु-पक्षियों को भी रक्षा करनी चाहिए। कार्यक्रम में मो. परवेज अखतर, इंदु कुमारी झा, सुप्रिया बर्मन मुरारी कुमार दुबे, बाबुचन्द प्रसाद, सुलेखा कुमारी तथा कर्मचारियों में नन्दलाल कुमार, सुश्री श्रेया बबलु कुमार दिप्ती लकड़ा और अन्य मौजूद थे।

### आजसू के जिला संयोजक बने नरेश



**कुजू।** आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो द्वारा आजसू प्रखंड अध्यक्ष नरेश महतो को रामगढ़ जिला संयोजक बनाए जाने पर कुजू पूर्वी,कुजू पश्चिम, कुजू दक्षिणी पंचायत के ग्रामीणों ने बधाई दी। पार्टी के बुद्धिजीवी मंच के केंद्रीय सचिव महेश ठाकुर ने कहा कि नरेश महतो ने दशकों से समर्पित भाव से संगठन हित में कार्य किया है। हर सामाजिक व संगठन के सांगठनिक कार्यों में उल्लेखनीय कार्य किया है। पार्टी के संगठन विस्तार में रामगढ़ जिला के बतौर संयोजक उनका कार्यकाल नि:संदेह उत्कृष्ट रहेगा। महेश ठाकुर ने नरेश महतो को बधाई देते हुए उनके सफल राजनीतिक जीवन की कामना की।

### रामगढ़ टाउन हॉल में सहिया सम्मेलन



**रामगढ़।** टाउन हॉल रामगढ़ में शनिवार को सहिया सम्मेलन का शुभारंभ विधायक रामगढ़ ममता देवी एवं सिविल सर्जन डॉ. महालक्ष्मी प्रसाद ने संयुक्त रूप से किया। ममता देवी ने सहियाओं द्वारा किए जा रहे हैं कार्यों की सराहना की। विधायक ने कहा कि समाज के विकास में आप सभी का योगदान बहुत महत्वपूर्ण है। जिला परिषद अध्यक्ष सुधा देवी एवं उपाध्यक्ष रीता देवी , 20 सूत्री उपाध्यक्ष दिनेश मुंडा , 20 सूत्री प्रखण्ड अध्यक्ष सुधीर मंगलेश, जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी, डॉ. तूलिका रानी, जिला यक्ष्मा पदाधिकारी, डॉ. स्वराज, उपधीक्षक, सदर अस्पताल व डॉ. ठाकुर मृत्युजंय कुमार सिंह उपस्थित थे।

### एसपी ने रामगढ़ थाना का किया निरीक्षण



**रामगढ़।** एसपी अजय कुमार ने शनिवार को रामगढ़ थाना का निरीक्षण किया। एसपी ने निरीक्षण के क्रम में भवन, शौचालय, चाहरदिवारी, संतरी पोस्ट, बाल मित्र थाना, सरकारी सम्पति, स्वीकृत बल, विस्फोटक अधिनियम/आयुद्ध एवं गोली-बारूद्ध भंडार/विष अधिनियम/उत्पाद शुल्क और अफीम अधिनियम के अधीन अनुज्ञप्ति प्राप्त कारखानों/दुकानों की सूची, लंबित कांडों की सूची, मुख्य हाट, बाजार, मेला की सूची, ग्राम पंचायत के मुखिया, सरपंच तथा प्रखंड समिति की सूची, निगरानी में रखे गये दागियों की सूची, सीमावर्ती अपराध आंकड़ा एवं अपराधियों की सूची, अपराध मानचित्र, सरकारी अधिसूचना, जिसके अंतर्गत थाना का सृजन हुआ है, थाना में पदस्थापित पदाधिकारियों व कर्मियों का कार्य विवरणी तालिका, अपराध निर्देशिका भाग-1, अपराध निर्देशिका भाग-02, अपराध निर्देशिका भाग-03, एमओ० इडेक्स, अल्फा बेटिकल इण्डेक्स, खतियान भाग-2, मालखाना पंजी, डकैती पंजी, लूट पंजी, गुण्डा पंजी, गिरोह पंजी, फिरारी पंजी, हाजत पंजी, शस्त्र पंजी, उग्रवादी पंजी, निर्गत पंजी, आगत पंजी, मासिक कार्य विवरणी एवं निजी दैनिकी, अप्राथमिकी पंजी, अप्राकृतिक मृत्यु, अपराध आंकड़ा, सी०सी०टी०एन०एस० के कार्यों का समीक्षा किया गया तथा पाये गये त्रुटियों को दूर करते हुए तख्तीयों/पंजीयों को अद्यतन करने, थाना भवन को मरमती करने हेतु थाना प्रभारी को आवश्यक निर्देश दिया गया। थाना प्रभारी को संगठित अपराधिक गिरोह के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

## कुजू पूर्वी पंचायत में सांसद ने अखाड़ों को दिया अस्त्र-शस्त्र, कहा

# सनातन एकता को मजबूत करें

खबर मन्त्र संवाददाता





कुजू। देश में कुछ लोगों द्वारा सनातन धर्म को तोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। हमलोगों को एकजुट रहकर जात पात की दीवार को तोड़ते हुए सनातन एकता को सुदृढ़ करने की जरूरत है। उक्त बातें हजारीबाग सांसद मनीष जयसवाल ने कही। श्री जयसवाल शनिवार को कुजू पूर्वी पंचायत सचिवालय में रामनवमी अखाड़ो के बीच अस्त्र-शस्त्र वितरण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में रामभक्तों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि रामनवमी का त्योहार आस्था का पर्व है। हिंदू का बड़ा त्योहार है रामनवमी, जिसे हिन्दू धर्मावलंबी बड़े धूम धाम से मनाते हैं। हर हिंदू भाई बहन को अपने धर्म और संस्कृति को भव्य और शांतिपूर्ण तरिके से मनाने की जरूरत है। रामनवमी का त्योहार धुमधाम से मनाने के लिए अस्त्र शस्त्र का वितरण किया जा रहा है। शस्त्र का वितरण करना रामनवमी की परंपरा को सशक्त करने और शोभा यात्रा में दंड शस्त्र की कला कौशल का प्रदर्शन बरकरार रखने की पहल है। उन्होंने कहा कि शस्त्र के साथ विभिन्न अखाड़ों के खिलाड़ी जुलूस के दौरान अपनी बेहतर प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। सांसद ने कहा कि वही उन्होंने कहा कि लाठी आत्मरक्षा के लिए जरूरी है। उन्होंने रामनवमी की शुभकामनाएं उन लोगों को दी। बाद में उन्होंने जय श्री राम के उद्घोष के साथ रामनवमी अखाड़ा के अध्यक्ष, सचिव के बीच तलवार व लाठी का वितरण किया। मौके पर मौके पर प्रवीण मेहता, सत्यनारायण सिंह, प्रो खिरोधर प्रसाद साहू, पंकज साहा, खोखा सिंह, सत्येंद्र सिंह, राजीव जयसवाल, विजय जयसवाल, सरदार अनमोल सिंह, राजू चतुर्वेदी, संजय सिंह, कुजू पश्चिमी मुखिया जय कुमार ओझा, दक्षिणी मुखिया राकेश मेहता रॉक, तोकेश सिंह, अशोक कुमार, रतन प्रसाद साहू, राजू कुशवाहा, रवि साहू, आशीष साहू, पंचित महतो, अवधेश कुमार, ऋषभ सहाय, श्रवण साह, अभिषेक पासवान, वीरेंद्र करमाली, ओमप्रकाश पटेल सहित काफी संख्या में लोग शामिल थे।

**मनीष जायसवाल ने मांडू में 169 अखाड़ों को दिया लाठी-तलवार**

**हजारीबाग।** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के ऐतिहासिक रामनवमी त्योहार की परंपरा को सशक्त करने और शोभायात्रा में अस्त्र-शस्त्र कला कौशल के प्रदर्शन को बनाए रखने हेतु सांसद मनीष जायसवाल ने सांसद अस्त्र-शस्त्र वितरण अभियान 2025 की शुरूआत की। शनिवार को मांडू विधानसभा क्षेत्र के छह भाजपा मंडलों में 169 अखाड़ा धारियों को लाठी और तलवार वितरित किए गए। इस अभियान के तहत चरही, घाटो, सारुबेडा, कुजू, दिगवार और गिद्दी में अखाड़ा धारियों को दो तलवार और 21 लाठी दी गईं। इस अवसर पर स्थानीय भाजपा नेताओं और बड़ी संख्या में राम भक्तों ने सांसद का भव्य स्वागत किया। जायसवाल ने कहा कि हजारीबाग की ऐतिहासिक रामनवमी की परंपरा को जीवंत करने और पारंपरिक अस्त्र-शस्त्र कला कौशल को पुर्नजीवित करने के लिए अभियान शुरू किया गया है। उन्होंने अखाड़ाों से आग्रह किया कि भावी पीढ़ी को अस्त्र-शस्त्र परिचालन का प्रशिक्षण दें । कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता, सांसद प्रतिनिधि सत्येंद्र नारायण सिंह, मनोज गिरी, करनी सेना के प्रदेश अध्यक्ष प्रवीण सिंह समेत अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# समाजसेवा की आड़ में अपराध

अभय कुमार सिंह

- **समाज के सबसे निचले तबके को रोशनी देने का दावा करते हैं मसीहा**
- **वेश्यावृत्ति, गोमांस तस्करी व कोयला चोरी जैसे अपराध इनकी असली पहचान**

**हजारीबाग।** हजारीबाग की गलियों में हर रोज कोई न कोई नया मसीहा जन्म लेता है। यह मसीहा हाथ में मदद का मशाल लिए, समाज के सबसे निचले तबके को रोशनी देने का दावा करता है। गरीबों की झोपड़ियों में जाकर सहानुभूति के आंसू बहाता है, भूखों को भोजन कराने की कसमें खाता है और अपने भाषणों में बड़े-बड़े बदलावों की बातें करता है। लेकिन जैसे ही रात की चादर बिछती है, ये नकली मसीहा अपने असली चेहरे के साथ अंधेरे में घुल जाते हैं। उनकी असली दुनिया वहीं शुरू होती है-अवैध धंधों की चमचमाती गलियों में, जहां अपराध की बिसात पर समाजसेवा की मोहर लगी होती है। हजारीबाग में समाजसेवा के नाम पर कई गिरोह सक्रिय हैं, जो असहाय जनता की भावनाओं का फायदा उठाकर अपने काले कारनामों को अंजाम देते हैं। किसी की आड़ में नशे का व्यापार हो रहा है, तो कहीं अवैध लॉटरी का खेल चल रहा है। वेश्यावृत्ति, गोमांस तस्करी और कोयला चोरी जैसे अपराध इनकी असली पहचान बन चुके हैं। हैरानी की बात यह है कि इनका नेटवर्क इतना मजबूत है कि स्थानीय प्रशासन भी इनके खिलाफ कार्यवाही करने से कतराता है। इन नकली समाजसेवियों की ताकत उनकी राजनीतिक और प्रशासनिक पकड़ है। वे हर पुलिस थाने में अपनी पैठ बना चुके हैं, जिससे इनके खिलाफ उठी हर आवाज दबा दी जाती है। जब कोई इनकी हकीकत उजागर करने की कोशिश करता है, तो उसे धमकाया जाता है, झूठे मुकदमों में फंसाया जाता है या फिर उसका नाम ही मिटा दिया जाता है। इस नकली समाजसेवा के खेल में न केवल भोले-भाले लोग फंस रहे हैं, बल्कि यह समाज को भीतर से खोखला कर रहा है। हजारीबाग के हर गली-कूचे में इनकी मौजूदगी को महसूस किया जा सकता है, लेकिन अब समय आ गया है कि जनता इनका असली चेहरा पहचानकर इनके खिलाफ आवाज उठाए। समाज के सच्चे हितैषियों को चाहिए कि वे इन अपराधियों को बेनकाब करें और प्रशासन को मजबूर करें कि इनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई हो। यदि इन पर लगाम नहीं लगाई गई, तो यह समाज धीरे-धीरे पतन की ओर बढ़ता जाएगा।अब यह जनता के हाथ में है कि वह इन नकली मसीहाओं की सच्चाई को उजागर करे, या फिर अंधेरे में रहकर अपनी आने वाली पीढ़ी के भविष्य को दांव पर लगने दे।

### ईद, सरहुल व रामनवमी को लेकर शांति समिति की बैठक



**कटकमदाग।** थाना परिसर में ईद, सरहुल और रामनवमी को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने हेतु शांति समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता अपर पुलिस अधीक्षक अमित कुमार ने की, जिसमें कटकमदाग अंचल अधिकारी विजय कुमार महतो, गणमान्य नागरिक, विभिन्न समुदायों के प्रतिनिधि और पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे। रामनवमी महासमिति के अध्यक्ष बसंत यादव ने नशामुक्त और भाईचारे के साथ त्योहार मनाने की अपील की। अपर पुलिस अधीक्षक ने सोशल मीडिया पर अफवाहें न फैलाने और अवैध नशे से बचने की चेतावनी दी। थाना प्रभारी पंकज कुमार ने पुलिस को तुरंत सूचना देने का अनुरोध किया। बैठक में पुलिस गश्त बढ़ाने, संवेदनशील इलाकों में सतर्कता रखने और जुलूस के लिए पूर्व अनुमति अनिवार्य करने का निर्णय लिया गया। सभी धर्मों के प्रतिनिधियों ने प्रशासन को सहयोग का आश्वासन दिया, और बैठक शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई।

### मुख्यमंत्री स्वास्थ्य योजना के तहत 25,000 देगी सरकार

**रामगढ़।** मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत शनिवार को उपायुक्त चंदन कुमार की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समिति की बैठक हुयी। उपायुक्त ने सर्वप्रथम जिला कल्याण पदाधिकारी सिद्धार्थ शंकर चौधरी से मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत रामगढ़ जिले में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग के लाभुकों को दिए जा रहे लाभ की जानकारी ली। इस संबंध में हो रहे कार्यों की जानकारी देने के उपरांत जिला कल्याण पदाधिकारी ने बताया कि वर्तमान में योजना का लाभ लेने के उद्देश्य से कुल 203 आवेदन प्राप्त हुए हैं। योजना के तहत लाभ दो वर्गों में दिया जाता है। 18 से अधिक उम्र वालों को और दूसरा 18 से कम उम्र वालों को। 18 से अधिक उम्र वालों को बीमारी के 7 दिन से अधिक होने पर 3000 से 5000 रुपये, कोविड के लिए 5000से लेकर 10,000 रुपये की सहायता और कैंसर होने पर 25,000 रुपये की आर्थिक सहायता दी जायेगी । 18 से कम उम्र वालों को सरकार बीमारी के 7 दिन से अधिक होने पर 1500 से 2500 रुपये, कोविड होने पर 2500 से लेकर 5000 रुपये और कैंसर होने पर 15000 रुपये की सहायता देगी सरकार।

## भुरकुंडा ओपी और बासल थाना में शांति समिति की हुयी बैठक



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** रामनवमी, ईद और सरहुल को लेकर शुक्रवार को भुरकुंडा ओपी और बासल थाना में शांति समिति की बैठक हुई। पंचायत प्रतिनिधियों और उपस्थित लोगों ने कई महत्पूर्ण सुझाव दिये। पतरातू एसडीपीओ गौरव गोस्वामी ने कहा कि हमारे सभी पर्व-त्योहार आपसी भाईचारगी और प्रेम का संदेश लेकर आता है। सभी वर्गों के लोगों को सारे पर्व-त्योहार शांतिपूर्ण तरीके से सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाना चाहिए। उन्होंने लोगों से अफवाहों पर ध्यान ना देकर विधि-व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस-प्रशासन को सहयोग करने की बात कही। साथ ही किसी भी तरह के अप्रिय घटना की सूचना मिलने पर लोगों से तत्काल पुलिस को सूचित करने की अपील की। एसडीपीओ ने कहा कि पर्व के दौरान पुलिस गश्ती तेज की जायेगी।

### जवाहर नवोदय विद्यालय की छात्रा नंदिनी हुयीं सम्मानित



**बरही।** जवाहर नवोदय विद्यालय हजारीबाग के घोषित परिणाम में उत्क्रमित मध्य विद्यालय श्रीनगर की छात्रा नंदिनी को सफलता मिली। नंदिनी श्रीनगर निवासी छोटे राम की पुत्री है। नंदिनी की सफलता पर प्रधानाध्यापक अनूप प्रधान ने कहा कि नंदिनी पढ़ने-लिखने में काफी रुचि रखती है। उसकी सफलता पर पूरे विद्यालय परिवार व माता-पिता सहित गांव में खुशी का माहौल है। अनूप प्रधान ने बरसोत पंचायत के मुखिया मोतीलाल चौधरी की उपस्थिति में छात्रा को उपहार देकर सम्मानित किया और उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# लायंस क्लब ने शीतला मंदिर में किया भंडारा

खबर मन्त्र संवाददाता

**नर सेवा नारायण सेवा के तहत 350 गरीबों को कराया भोजन**



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** लायंस क्लब ऑफ भुरकुंडा द्वारा प्रत्येक सप्ताह की भांति इस शनिवार को भी लगातार 38वां सप्ताह भी भुरकुंडा के पटेलनगर सयाल मोड़ स्थित मां शीतला देवी मंदिर में नर सेवा नारायण सेवा कार्यक्रम के तहत भव्य भंडारा का आयोजन किया गया।

सर्वप्रथम पूरे विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद मां को लड्डू का भोग चढ़ाया गया। इसके बाद भव्य भंडारा का आयोजन कर लायंस क्लब के लोगों द्वारा फूड फॉर हंगर के तहत लगभग 350 लोगों को खिचड़ी रूपी प्रसाद खिलाकर आशीर्वाद लिया गया। बताया गया कि प्रत्येक सप्ताह लायंस परिवार के सदस्यों द्वारा व्यक्तिगत सहयोग से इस तरह का आयोजन किया जाता रहा है।

मौके पर क्लब की अध्यक्ष लायन रेखा वर्णवाल, सचिव अंजू देवी और कोषाध्यक्ष शिवा प्रसाद ने बताया की लायंस क्लब भुरकुंडा समाज के निचले स्तर पर जीवन यापन कर रहे लोगो को ध्यान में रखकर समाजिक उत्थान का कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि गरीबों को भोजन कराना सबसे बड़ा पूण्य का कार्य है। जरूरतमंदों की सेवा ही कल्ब का उद्देश्य भी है, जो निरंतर जारी रहेगा। लायंस परिवार ने ऐसे नेक और सामाजिक कार्यों में सबों को सहयोग करने की अपील की।

कार्यक्रम को सफल बनाने में क्लब की अध्यक्ष रेखा वर्णवाल, सचिव अंजू देवी, कोषाध्यक्ष शिवा प्रसाद, जोन चेयरपर्सन एमजेएफ डॉ राजेंद्र महतो, जिला चेयरपर्सन अशोक सिन्हा, जिला चेयरपर्सन अखिलेश शर्मा, पूर्व अध्यक्ष माला शर्मा, लायन विजयंत कुमार, लायन डॉ एमके मंजुल, सूबेदार एचएन यादव, लायन दीनबंधु सिंह, लायन विजय वर्णवाल, एमजेएफ संजय जयसवाल, लायन भूपेंद्र सिंह सैनी उर्फ जीबु, अजय सिंह आदि का विशेष योगदान रहा।

## एक नजर में

### एनएमएल ने विस्थापितों को दिया बर्तन



बड़कागांव। एनएमएल पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना ने सिंदवारी गाँव से विस्थापित होकर कुंडलीबागी में बसे 56 परिवारों को बर्तन वितरित किए। इन परिवारों को हॉटपॉट, वाटर फिल्टर, मिक्सर, प्रेशर कुकर, चकला-बेलन, मसाला बॉक्स, स्टील ग्लास, रोटी तवा और चिमटा जैसे 10 प्रकार के बर्तन प्रदान किए गए। इससे पहले सुल्ताना में बसे 78 विस्थापित परिवारों को भी बर्तन दिए गए थे। ग्रामीणों ने इस पहल पर खुशी जताई और एनटीपीसी को धन्यवाद दिया। कार्यक्रम में सीएसआर विभाग के वरिष्ठ प्रबंधक कमला राम रजक और कार्यपालक रजनीश कुमार मौजूद थे। उन्होंने इसे प्रभावित समुदाय की जीवनशैली सुधारने की दिशा में एक सकारात्मक कदम बताया और भविष्य में भी सामाजिक उत्तरदायित्व से जुड़े कार्यक्रमों को जारी रखने का संकल्प लिया।

### रोशन चौधरी का कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत



**बड़कागांव।** विधानसभा सत्र में विधायक रोशन लाल चौधरी ने बड़कागांव व झारखंड की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया, जिसे कार्यकताओं और समर्थकों ने सराहा। उनके आवासीय कार्यालय पहुंचने पर गुलदस्ता देकर स्वागत किया गया। चौधरी ने कुल 28 प्रश्न उठाए, जिनमें विस्थापन आयोग का गठन, 24 घंटे बिजली आपूर्ति, प्रदूषण भत्ता, ढेंगा आरएंडआर कॉलोनी में सुविधाओं की उपलब्धता, विस्थापन नीति लागू करने और जल आपूर्ति की मांग शामिल थी। उन्होंने सदन में विस्थापितों के हितों की रक्षा के लिए जोरदार आवाज उठाई। बाद में कार्यालय में ग्रामीणों की समस्याएँ सुनीं और कई का तत्काल समाधान किया। उन्होंने जनता की सेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। मौके पर आजसू, भाजपा और अन्य दलों के कई प्रमुख नेता व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### रामनवमी व ईद को लेकर शांति समिति की बैठक



**कटकमसांडी।** थाना परिसर में शनिवार को रामनवमी और ईद को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता थाना प्रभारी राजबलब कुमार ने की, जिसमें सीओ अनिल कुमार गुप्ता, बीडीओ भूषण कुल्लू, इंस्पेक्टर विनोद यादव समेत कई गणमान्य लोग शामिल हुए। प्रशासन ने डीजे और भड़काऊ गानों पर पूर्ण प्रतिबंध की घोषणा की। सोशल मीडिया पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी, और अफवाह फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी। संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तत्काल प्रशासन को देने की अपील की गई। माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने वालों को चिह्नित कर उन पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। बैठक में कटकमसांडी के समाजसेवी और अन्य गणमान्य लोग भी मौजूद थे।

### दारू में डीजे पर रहेगा पूर्ण प्रतिबंध : एसडीपीओ



**दारू।** थाना परिसर में शनिवार को रामनवमी, ईद और सरहुल पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता विष्णुगढ़ एसडीपीओ बैजनाथ प्रसाद ने की, जबकि संचालन थाना प्रभारी शफीक खान ने किया। बीस से अधिक अखाड़ों के अध्यक्ष एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे। एसडीपीओ ने बताया कि सभी अखाड़ों को निर्धारित लाइसेंसी मार्ग से ही जुलूस निकालना होगा। झारखंड उच्च न्यायालय के आदेशानुसार डीजे के प्रयोग पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। प्रशासन ने अखाड़ा प्रमुखों से वालंटियर की सूची तैयार करने और पहचान पत्र जारी करने को कहा। सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट करने पर कड़ी कार्रवाई होगी। बिना निबंधन के नए अखाड़े को जुलूस निकालने की अनुमति नहीं मिलेगी। प्रशासन ने सभी से शांति और सौहार्द के साथ पर्व मनाने की अपील की। बैठक में बीडीओ हारून रशीद, सीओ रामबालक कुमार सहित कई प्रमुख लोग शामिल थे।

### रामनवमी जुलूस को लेकर महेशरा में बैठक



**दारू।** महेशरा बारागौसाई में रामनवमी जुलूस की तैयारियों को लेकर बैठक हुई, जिसमें भव्य आयोजन का संकल्प लिया गया। हिंदू युवा क्लब रामनवमी पूजा समिति का गठन किया गया। अध्यक्ष कृष्णचंद्र यादव, सचिव मुकेश कुमार राम, कोषाध्यक्ष नरेश प्रजापति, उपाध्यक्ष सुरेश साव और अन्य पदाधिकारियों का चयन हुआ। समिति ने तय किया कि इस बार का जुलूस पहले से अधिक भव्य और आकर्षक होगा। श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जाएगा। आयोजन को लेकर पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल है और लोग बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाने को तत्पर हैं।

### रामनारायण यादव कॉलेज में लिंग पर कार्यशाला



**बरही।** शनिवार को रामनारायण यादव मेमोरियल कॉलेज में आइक्यूएसी के सहयोग से एनएसएस इकाई द्वारा लिंग पर कार्यशाला किया गया। इसकी अध्यक्षता कॉलेज के प्राचार्य डॉ. विमल किशोर ने की। उन्होंने कहा कि लैंगिक संवेदनशीलता एक महत्वपूर्ण मुद्दा है, जिस पर समाज को गंभीरता से विचार करना चाहिए। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अरुणा रानी ने बताया कि लिंग संवेदीकरण का उद्देश्य लिंग भेदभाव के खिलाफ जागरूकता बढ़ाना और सभी के साथ सम्मानजनक व्यवहार को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से महिलाओं के प्रति हिंसा और अन्य अपराधों में कमी आएगी।इस अवसर पर कॉलेज के शिक्षक डॉ. बी.डी. मोदी, प्रो. जोगेश्वर यादव, डॉ. गिरधारी यादव, डॉ. अजय रविदास, डॉ. संगीता चौधरी, डॉ. सरिता सिन्हा, डॉ. अंजलि कुसुम ओम सहित अन्य ने भी अपने विचार रखे। छात्र-छात्राओं ने भी विषय पर विचार प्रस्तुत किए, जिनमें प्रीति कुमारी और सकीना प्रमुख रहीं।

### बीज कंपनी ने किसानों को किया सम्मानित



बरही। बरही के डपोक पंचायत के गरजामो में झारखंड की बीज कंपनी ने गेहूं की अच्छी पैदावार के लिए किसानों को सम्मानित किया। बीज कंपनी के कर्मचारियों ने किसानों के खेतों का निरीक्षण कर गेहूं की अच्छी फसल के लिए 35 किसानों का चयन किया। सभी 35 किसानों को किसान गोष्ठी का आयोजन कर बीज कंपनी के नागेन्द्र सिंह ने हंसुआ, खुरपी और जग देकर सम्मानित किया। नागेन्द्र सिंह ने बीज कंपनी की ओर से किसानों को हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया। इस मौके पर पूर्व जिप सदस्य मुनेजा खातून, अल्पसंख्यक कल्याण महासमिति के अध्यक्ष मो कैयूम समेत अनेक ग्रामीण मौजूद थे।

